**प्रेस नोट**

**जनपद सीतापुर**

# थाना नैमिषारण्य पुलिस टीम द्वारा पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने वाले व डरा-धमकाकर रंगदारी/वसूली करने वाले गिरोह के 08 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार (03 अवैध तमंचे, कारतूस व नगदी बरामद)

**दिनांक 20.08.2026**

जनपद सीतापुर में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक सीतापुर श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन, तथा क्षेत्राधिकारी मिश्रिख के नेतृत्व में थाना नैमिषारण्य पुलिस टीम द्वारा 19/20 अगस्त 2026 की रात्रि में त्वरित एवं साहसिक कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने वाले तथा डरा-धमकाकर अवैध वसूली/रंगदारी करने की घटना में शामिल 08 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है।

## घटना एवं गिरफ्तारी का विस्तृत विवरण:

दिनांक 19.08.2026 की रात्रि पूर्व पंजीकृत **मु0अ0सं0 141/2026 धारा 308(5), 3(5) BNS** के वांछित अभियुक्तों की बीबीपुर-अटवा रोड पर लेखनापुर गांव मोड़ के पास बाग से पुलिस टीम द्वारा रणनीति बनाकर घेराबंदी की। झाड़ियों एवं पेड़ों की आड़ से पुलिस टीम को आगे बढ़ते देख अभियुक्तों ने सकपका कर ललकारा। पुलिस टीम द्वारा आत्मसमर्पण करने की चेतावनी देने पर अभियुक्तों ने जान से मारने की नियत से पुलिस बल पर फायर झोंक दिया। पुलिस टीम द्वारा अदम्य साहस एवं हिकमत अमली का परिचय देते हुए घेराबंदी कर मौके से सभी 08 अभियुक्तों को हिरासत पुलिस में लिया गया।

## गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण:

1.**गोलू उर्फ आकिब** पुत्र मंजू, निवासी ग्राम औरंगाबाद, थाना नैमिषारण्य, जनपद सीतापुर।
2.**शशीकान्त** पुत्र पप्पू, निवासी फूलपुर झरिया, थाना नैमिषारण्य, जनपद सीतापुर।
3.**प्रशान्त कुमार** पुत्र राजाराम, निवासी ककरइया, थाना महोली, जनपद सीतापुर।
4. **शिवांक** पुत्र लेखराम, निवासी फूलपुर झरिया, थाना नैमिषारण्य, जनपद सीतापुर।
5.**सुफियान** पुत्र सत्तार खाँ, निवासी अटवा, थाना नैमिषारण्य, जनपद सीतापुर।
6.**गुफरान** पुत्र गफ्फार, निवासी ग्राम अटवा, थाना नैमिषारण्य, जनपद सीतापुर।
7. **विकास** पुत्र रामलाल, निवासी ग्राम औरंगाबाद, थाना नैमिषारण्य, जनपद सीतापुर।
**8. शोएब उर्फ समीर उर्फ बाबा पठान** पुत्र अजमल, निवासी ग्राम औरंगाबाद, थाना नैमिषारण्य, जनपद सीतापुर *(वसूली गिरोह का मुख्य सूत्रधार व रेकीकर्ता)*।

**बरामदगी का विवरण:**

**अवैध शस्त्र एवं कारतूस:**

01 अदद देशी तमंचा 315 बोर (नाल में फंसा 01 खोखा कारतूस व जेब से 01 जिंदा कारतूस 315 बोर) — *(अभियुक्त गोलू से)*

01अदद देशी तमंचा 315 बोर (नाल में फंसा 01 मिस फायर कारतूस व जेब से 01 जिंदा कारतूस 315 बोर) — *(अभियुक्त प्रशान्त से)*

01 अदद देशी तमंचा .32 बोर (नाल में फंसा 01 जिंदा कारतूस व जेब से 01 जिंदा कारतूस .32 बोर) — *(अभियुक्त गुफरान से)*

**नकद धनराशि:** कुल **10,500/-** (दिनांक 17.08.2026 को सत्यप्रकाश मौर्या से डरा-धमकाकर वसूले गए रुपयों में से बचे हुए हिस्से)

**पूछताछ व अपराध करने का तरीका:**

कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे अलग-अलग क्षेत्रों में लोगों की रेकी कर उन्हें डरा-धमकाकर पैसों की वसूली करते हैं। अभियुक्त शोएब उर्फ समीर निगरानी रखने और गिरोह को पुलिस की गतिविधियों से सतर्क करने का काम करता था। दिनांक 17.08.2026 की घटना के संबंध में मुकदमा दर्ज होने की जानकारी मिलने पर शोएब ही इन्हें बाहर भगाने के लिए वाहन की व्यवस्था कर रहा था। पकड़े जाने के डर से अभियुक्तों ने जानबूझकर अपने मोबाइल फोन साथ नहीं रखे थे।

**पंजीकृत अभियोग एवं कानूनी कार्रवाई:**

गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना नैमिषारण्य पर निम्नलिखित धाराओं के तहत अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है:

1. **मु0अ0सं0 142/2026 धारा 109(1)/3(5) BNS एवं 25(1-b) आयुध अधिनियम** (पुलिस टीम पर जानलेवा हमला एवं अवैध शस्त्र संचालन)।
2. **मु0अ0सं0 141/2026 धारा 308(5), 3(5) BNS** में धारा **317(2) BNS** की बढ़ोतरी की गई है।
3. प्रकरण में अभियुक्त **शोएब उर्फ समीर उर्फ बाबा पठान** का नाम घटना के मुख्य षड्यंत्रकारी के रूप में प्रकाश में लाया गया है।

**अभियुक्त गोलू उर्फ आकिब का आपराधिक इतिहास-**

मु0अ0सं0- 104/2024 धारा 323,452,504,506 भादंवि

**अभियुक्त गुफरान का आपराधिक इतिहास-**

मु0अ0सं0-153/2024 धारा 115(2),126(2) BNS

**अभियुक्त विकास का आपराधिक इतिहास-**

मु0अ0सं0-259/2023 धारा 3,4 DP Act 304B,498A

**आपराधिक इतिहास शोएब उर्फ समीर उर्फ बाबा पठान(हिस्ट्रीशीटर)**

1मु0अ0सं0 1469/07 धारा467/468/419/420/379/412/IPC थाना कोतवाली कैसरबाग कमिश्नेरेट लखनऊ
2मु0अ0सं0 1460/07धारा 467/468/419/420/IPCथाना कोतवाली कोतवाली नगर सीतापुर
3मु0अ0सं0 551/07 धारा 3(1) Gangster Act थाना कोतवाली कोतवाली नगर सीतापुर
4 मु0अ0सं0 428/07 धारा 207/MV Act थाना कोतवाली कोतवाली नगर सीतापुर
5मु0अ0सं0 427/07 धारा323/504/506/427/ IPC थाना कोतवाली कोतवाली नगर सीतापुर
6 मु0अ0सं0 427/07 धारा 323/504/506/427/IPCथाना कोतवाली मिश्रित सीतापुर
7 मु0अ0सं0 427/07 धारा 323/504/427/IPC थाना कोतवाली मिश्रित सीतापुर
8 मु0अ0सं0 137/10 धारा 147/148/149/307/IPCथाना कोतवाली मिश्रित सीतापुर
9 मु0अ0सं0 139/10 धारा 25(1)B/Arms Act थाना कोतवाली मिश्रित सीतापुर
10मु0अ0सं0 18310 धारा 392/412/420/467/468/471/ipc थाना कोतवाली विसवां सीतापुर
11 मु0अ0सं0 630/16 धारा 380/411/IPC थाना जीआरपी चारबाग जीआरपी लखनऊ
12मु0अ0सं0 684/16 धारा 411/414/467/472/IPCथाना जीआरपी चारबाग जीआरपी लखनऊ
13 मु0अ0सं0 96/16 धारा 380/411/ipc थाना सवई माधौपुर राजस्थान
14मु0अ0सं0 54716 धारा 411/414/467/472/ipc थाना जीआरपी चारबाग जीआरपी लखनऊ
15 मु0अ0सं0 494/16 धारा 380/411/ipc थाना जीआरपी चारबाग जीआरपी लखनऊ
16 मु0अ0सं0 541/16 धारा 380/411/ipc थाना जीआरपी चारबाग जीआरपी लखनऊ
17मु0अ0सं0 184/20 धारा 8,20,B,li/NDPS Act थाना जीआरपी चारबाग जीआरपी लखनऊ
18मु0अ0सं0 185/20 धारा 411/414/419/ipc थाना जीआरपी चारबाग जीआरपी लखनऊ
19 मु0अ0सं0 284/20 धारा 25(1)B/Arms Act थाना कोतवाली मिश्रित सीतापुर
20 मु0अ0सं0 166/20 धारा 379/411/IPC थाना अमीनाबाद जनपद कमिश्नेरेट लखनऊ
21मु0अ0सं0 75/26 धारा 303(2)/317(2)/bns थाना कोतवाली कोतवाली नगर सीतापुर
22मु0अ0सं0 141/26 धारा 3(5)/308(5)BNS थाना थाना नैमिषारण्य जनपद सीतापुर

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम:**

1. उ0नि0 उबैश अली (थाना नैमिषारण्य, जनपद सीतापुर)
2. उ0नि0 अखिलेश सिंह
3. हे0का0 राजकुमार
4. का0 अंकुर कुमार
5. का0 रोबिन्स कुमार

6. का0 सौवन्त सिंह,
7. का0 मोहित कुमार,
8. का0 धर्मवीर,
9. का0 अर्जुन खोखर,
10. का0 विपिन कुमार,
11. का0 सखिन सिंह

